Sem - I

Psychology MJC / MIC / MDC

Sem - I (UG)

Date-

Topic - Methods :- Case study

Unit - 1. Introduction

Name - Dr. Shyam Sundar Sharma.

Ques. जीवन इतिहास विधी के गुण एवं दोषों का वर्णन करें।

Ans :- जीवन इतिहास विधि एक महत्वपूर्ण विधि है। किसी भी बालक, व्यक्ति या प्रौढ़ की विलक्षणताओं या सामान्य व्यवहार के कारणों का पता लगाने के उद्देश्य से एवं उसके व्यवहार को उचित दिशा प्रदान करने हेतु जीवन-इतिहास विधि (Case Study) का प्रयोग किया जाता है। इस सम्बंध में हेक्सलर महोदय का कहना है कि " व्यक्ति अध्ययन एक व्यक्ति का विस्तृत अध्ययन है जिसका प्रयोग अध्ययन किए जाने वाले व्यक्ति के समायोजन में सुधार करना है। "

* जीवन-इतिहास विधि के गुण (Merits of Case study):-

जीवन-इतिहास विधि के निम्नलिखित गुण हैं-

(1) निदानात्मक अध्ययन की सर्वोत्तम विधि :- इसके अन्तर्गत व्यक्ति के व्यवहार विशेष के विभिन्न कारणों की विस्तृत एवं सही जानकारी प्राप्त की जाती है।

(2) वैध एवं विश्वसनीय :- इस विधि में व्यापक तरीके से विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया जाता है।

(3) विकासात्मक दोषों का पता लगाने में :- विभिन्न अवस्थाओं में विकास की विशेषताओं को जानने के लिए विकासात्मक विधि अति उपयोगी है जबकि विकासात्मक दोषों को ज्ञात करने के लिए यह विधि बहुत उपयोगी है।

* जीवन इतिहास विधी के दोष :- जीवन इतिहास

P. T. O

विधि के गुण के साथ-साथ कुछ दोष भी पाये जाते हैं जो निम्न प्रकार है:-

(1) यह विधि दीर्घकालिन होने के कारण इसके सम्पादन में समय, धन इत्यादि की क्षति होती है।

(2) इस विधि के द्वारा प्राप्त परिणाम व्यक्तिनिष्ठ होते हैं, अत: इसे नियमों या सिद्धान्तों के रूप में लागू नहीं किया जा सकता है।

(3). इस विधि के माध्यम से समूह के व्यवहार का अध्ययन सम्भव नहीं है।

निष्कर्ष स्वरूप हम कह सकते हैं कि यह विधि पिछड़े, अपराधी एवं अत्यंत उद्दण्ड बालकों के व्यवहार के कारणों का पता लगाने, उनका अध्ययन करने एवं समाधान खोजने में यह विधि सहायक है।